अत्यावश्यक
मस्तिष्क ज्वर

पत्र संख्या- 266 /एच0एस0

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

श्री व्यास जी,
सरकार के प्रधान सचिव ।

सेवा में,

सचिव,
समाज कल्याण विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक 13 जून, 2012

विषय :- मस्तिष्क ज्वर की रोक-थाम एवं प्रारंभिक उपचार के लिए आँगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से ओ0आर0एस0 पारासीटामौल टेबलेट/सीरप की व्यवस्था करने एवं बीमारी के संबंध में आवश्यक जागरूकता प्रदान करने के संबंध में ।

महाशय,

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रही सूचनाओं के आधार पर मस्तिष्क ज्वर बीमारी की रोक-थाम के संबंध में उच्च स्तर पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के ग्रामीण-क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, यथा- आशा, ममता, ए0एन0एम0 तथा बुनियादी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के अतिरिक्त आँगनवाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत सेविकाओं/ सहायिकाओं के माध्यम से भी इस बीमारी के लक्षणों तथा प्रारंभिक उपचार के तरीकों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय । यह भी निर्णय लिया गया है कि आँगनवाड़ी केन्द्रों पर ओ0आर0एस0, पारासीटामौल टेबलेट/सीरप की उपलब्धता सिविल सर्जन द्वारा सुनिश्चित की जायेगी ताकि आवश्यकता पड़ने पर बीमारी से आक्रांत बच्चों को तेज बुखार की स्थिति में बुखार तोड़ने के लिए इस दवा का उपयोग किया जा सके ।

स्वास्थ्य विभाग के स्तर से सभी सिविल सर्जनों को यह निदेश दिया गया है कि वे आँगनवाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत सहायिकाओं/सेविकाओं को ओ0आर0एस0 पारासीटामौल टेबलेट/सीरप उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । साथ ही उन्हें इन दवाओं के उपयोग के संबंध में भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाय ।

ज्ञातव्य है कि इस बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों में अचानक तेज बुखार एवं बेहोशी की स्थिति भी पायी गई है । ऐसी स्थिति होने पर बुखार को कम करना सर्वप्रथम आवश्यक है । इसके लिए पारासीटामौल दवा का उपयोग निर्धारित डोज में किया जा सकता है ।

आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ सभी ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी/सी0डी0पी0ओ0 को इस संबंध में आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय ताकि उपर्युक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके ।

विश्वासभाजन,

13/6
(व्यास जी)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक- 266 (H.S.) पटना, दिनांक 13 जून, 2012

प्रतिलिपि - सभी सिविल सर्जन/सभी ज़िला पदाधिकारी/सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

(व्यास जी)
सरकार के प्रधान सचिव